>

Title: Regarding need to provide rail link from Hardoi to Gursahaiganj via Auhadpur in Uttar Pradesh - Laid

श्री जय प्रकाश (हरदोई): मैं माननीय रेल मंत्री जी को ध्यान दिलाना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र हरदोई में कई दशक पहले उत्तर रेलवे के अंतर्गत औहदपु (साण्डी) रेलवे स्टेशन प्रचलन में था । तत्कालीन समय में यहाँ से माधोगंज होते हु कानपुर तक रेल मार्ग था जिस पर नियमित रूप से रेलों की आवाजाही होती थी इनका प्रचलन बाद में किन्हीं कारणोंवश, बंद कर दिया गया जो अब इतिहास के पन्ना में सिमट गया है ।। इस क्षेत्र की जनता पिछले कई वर्षों से हरदोई गुरसहायगं वाया औहदपुर को रेल लाइन से जोड़ने के लिए आंदोलन कर रही है । यद्यपि रे मंत्रालय ने इन आंदोलनों का संज्ञान लिया लेकिन इस रेल लाइन के लिए सर्वे से आ कुछ भी प्रगति नहीं हो पायी है ।

मै माननीय मंत्री को याद दिलाना चाहता हूँ कि साण्डी एक ख्याति प्राप्त पक्षी विहार है । यहां पूरे देश से हजारों की संख्या में पर्यटक आते हैं । मेरा मानना है कि यदि इस नई रेल लाइन बिछाने के कार्य को मूर्तरूप दिया जायेगा तो क्षेत्र की जनता को नए रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तथा साण्डी अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन के मानचित्र पर अपना स्थान प्राप्त कर सकेगा । इसके लिए मैं माननीय रेल मंत्री जी से इस रेल खण्ड के निर्माण के लिए स्वीकृति दिए जाने का आग्रह करता हूँ ।